कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0–अ0उ0वि0–विज्ञप्ति 03 / 49-52 / 2023–24 दिनांक 25 सितम्बर, 2023

राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2023
:: उत्तर–कुंजी (Provisional Answer Key) से संबंधी सूचना ::

परिषद् द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को आयोजित राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा के प्रश्नपत्र की अनन्तिम उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) जनहित में परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in पर प्रसारित कर दी गयी है। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट के DEPARTMENTAL E`XAM/UTET लिंक से उत्तर कुंजी (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं) पर अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति दिनांक **02 अक्टूबर, 2023 सांय 05:00 बजे तक ई–मेल deled2015@gmail.com द्वारा पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को** प्राप्त करा सकते हैं। **निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् एवं किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिए अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने** प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अविवार्यतः संलग्न करें।

25/9/2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0 / वि0प0–अ0उ0वि0–विज्ञप्ति 03 / 49-52 / 2023–24 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।

2– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभापति, उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड, देहरादून।

3– सम्पादक, दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 08 X 06 C.M. के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार–पत्र के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल सूचना अधिकारी से सत्यापित कर भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

25/9/2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2023
उत्तर–कुंजी (Answer Key) पर प्रत्यावेदन

1- परीक्षा का नाम :

2- परीक्षा तिथि : 20 सितम्बर 2023

3- अभ्यर्थी का अनुक्रमांक :

4- अभ्यर्थी का नाम :

5- अभ्यर्थी का पत्र व्यवहार का पता :

6- प्रश्न का विवरण जिस पर आपत्ति :

प्रश्न पुस्तिका विषय कोड	प्रश्न संख्या जिसके उत्तर पर आपत्ति है	परिषद् द्वारा जारी उत्तर	अभ्यर्थी का उत्तर	संदर्भ साहित्य का विवरण (जिसके आधार पर अभ्यर्थी द्वारा परिषद् द्वारा जारी प्रश्न/उत्तर पर आपत्ति दर्ज की जा रही है)**

***अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें, जिसमें पुस्तक का विवरण यथा नाम, लेखक/प्रकाशक का नाम भी अंकित हो।*

आवेदक के हस्ताक्षर :–

आवेदक का नाम :–

दिनांक :–

नोट :–

- एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन/आपत्ति अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन/आपत्ति तैयार कर एक साथ परिषद् को मेल द्वारा प्रेषित करें। मेल के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकर नहीं की जायेगी।** एक प्रपत्र पर एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति प्राप्त होने की स्थिति में प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
- **अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें, जिसमें पुस्तक का विवरण यथा नाम, लेखक/प्रकाशक का नाम भी अंकित हो।** बिना समुचित साक्ष्य (संदर्भ साहित्य) के प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
- अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।